## संक्षिप्त समाचार

### पाडला में युवक ने तोड़ा रोडवेज बस का शीशा, हथियारों से लैस गाड़ी ने मचाया उत्पात



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** जिले में युवाओं द्वारा गुंडागर्दी का माहौल बनाया जा रहा है। जहां एक तरफ हथियारों से लैस गाड़ियां शहर में दहशतगर्दी का माहौल बनाने के लिए सरेआम घूम रही थी तो वहीं दूसरी तरफ विद्यार्थियों के रोकने का इशारा करने के बावजूद बसें न रुकने के विरोध में विद्यार्थियों ने जाम लगाकर रोष जताया। इसी दौरान गुस्साए एक युवक ने डंडा लहराकर पहले बस ड्राइवर को गंदे इशारे किए तो वही गुस्से में बस के शीशे पर प्रहार किया और बस का शीशा तोड़ दिया। पाडला गांव में हुई इस घटना की जानकारी रोडवेज कर्मचारियों ने पहले रोडवेज अधिकारियों को दी और फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर छात्रों को समझाया गया और बस का शीशा तोड़ने वाले युवक की पहचान करके उस पर कार्रवाई करने की बात कही है। पूरे प्रदेश की यदि बात करें तो अनेक ऐसी घटनाएं सामने आई जिसमें अफरा तफरी का माहौल पैदा हुआ है। कैथल में दूसरी घटना में विधायक लीलाराम की कोठी के पास कई गाड़ियों में हथियार, डंडे और गंडासियों से भरी गाड़ियां मिली। सिविल थाना प्रभारी का कहना है कि युवाओं की बाइक और गाड़ियां कब्जे में ली गई हैं, जांच के बाद व युवकों से पूछताछ करके सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अभियान के तहत जिला के 1 लाख 85 हजार 416 बच्चों को दवाई पिलाने का रखा गया है लक्ष्य



**पलवल :** पलवल जिला जिला में रविवार से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की जाएगी, जो की 5 मार्च तक चलाया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नेशनल पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च से शुरू किया जाएगा। जिले को पोलियो मुक्त बनाने की दिशा में सभी विभाग मिलकर कार्य करें। वहीं नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नरेश गर्ग ने बताया कि जिले में 3 मार्च से 5 मार्च तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। पहले दिन बूथ एक्टिविटी होगीं, जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले में 884 बूथ बनाए गए है। जिसमें जिले के लगभग 1 लाख 85 हजार 416 बच्चों को इस राउंड में दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 4 मार्च और 5 मार्च को डोर टू डोर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 47 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, जो कि सभी जिला के स्लम एरिया, कंस्ट्रक्शन साइट और ईंट भट्टों पर जाकर बच्चों को दवाई पिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 72 ट्रांस्पिट टीम भी बनाई गई है। जो कि बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर आने वाले बच्चों पल्स पोलियो अभियान के तहत दवाई पिलाने का कार्य करेंगे।

### भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के बजट 2024-25 से पलवल में विकास को मिलेगा बढ़ावा



**पलवल :** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रवीण डूडी ने कहा कि राज्य कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा पेश किया गया 2024-25 का बजट प्रदेश के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। बजट में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है और आम आदमी को राहत पहुंचाने वाली योजनाओं पर विशेष खर्च किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पलवल जिला में कई बड़ी परियोजना आने वाली हैं जिनका फायदा यहां के लोगों को होगा। बजट में गठबंधन सरकार के द्वारा युवाओं के रोजगार और लड़कियों की शिक्षा पर सालाना खर्च होने वाली राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। बजट में आठ जिलों नामतः जींद, झज्जर, कैथल, पलवल, यमुनानगर, रोहतक, कुरुक्षेत्र और सोनीपत* में स्थायी हेलीपैड के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। 200 यूनिट से कम बिजली खपत वाले ग्राहकों के लिए शुल्क हटाने से आम आदमी को बिजली की दरों में और रियायत दी गयी है। सबसे गरीब लोगों को राहत देने के लिए, 2 किलोवाट तक घरेलु कनेक्टेड लोड वाले टैरिफ श्रेणी-1 के उपभोक्ताओं के लिए एम.एम.सी. को खत्म किया गया है। इस कदम से सबसे गरीब परिवारों को लगभग 180 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों के लिए दी जा रही 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये किया गया है। चाहे वे किसी भी रक्षा सेवा या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के हों इसके अवाला ई-भूमि पोर्टल पर राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भूमि की खरीद के लिए 10,000 एकड़ भूमि का बैंक बनाया जाएगा। हरियाणा सरकार ने बजट के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत के फैसले नहरी किसानों के लिए आबियाना को हटाने का काम किया है, इससे छोटे से लेकर बड़े किसानों को लाभ होगा।

### छछरौली के गांव लेदी में लगभग 25 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन




**यमुनानगर :** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार सांय खंड छछरौली के गांव लेदी में लगभग 25 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को इसकी सौगात देने का काम किया। यहां पहुंचने पर ग्राम वासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने इस मौके पर ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज शहरों की भांति गांवों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा हैं। शहरों की भांति गांवों को और सुन्दर और विकसित करने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज हरियाणा में 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं, कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं हैं। पिछले साढे नौ वर्षों में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है, आगे भी जो भी विकास कार्य होंगे उन्हें भी तीव्रता से करवाते हुए आम जनमानस को इसकी सुविधा देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव लेदी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी गांव वासियों द्वारा जो भी कार्य बताएं जाएँगे उन्हें चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। इस मौके पर राजेश सरपंच, ओम प्रकाश आर्य, शिव कुमार मंडल महामंत्री, राजेश कोर्ट, हुकम सिंह समाजसेवी, राम जतन, राजेश भारद्वाज, बाबू राम, वेद प्रकाश, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग और गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### यूनिक शिक्षा निकेतन ने यूनिक सांस्कृतिक क्लब की ग्रुप डांस की टीम को किया सम्मानित




**लाडवा :** लाडवा के यूनिक शिक्षा निकेतन ने सत्र 2023-24 में वर्ष भर विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया। प्राचार्य बृजमोहन शर्मा ने बताया कि यूनिक शिक्षा निकेतन में अलग-अलग क्लब बनाए गए है। सांस्कृतिक क्लब की ग्रुप डांस की टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया और समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाता है। सांस्कृतिक क्लब इंचार्ज बबीता शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई दी। इसी प्रकार अपनी कला को निरंतर उत्कृष्ट बनाने की प्रेरणा दी। मौके पर सुभाष चन्द्र, गोपाल, हरविन्द्र कौर, अंजू रानी, अंजलि गोयल, प्रवीण कुमारी, दिव्या महेश्वरी, गुरप्रीत कौर, ज्योति शर्मा, नेहा शर्मा, रूपा, ममता शर्मा, जसप्रीत कौर आदि मौजूद थे।

# जनता अब मोदी के छल-प्रपंच में नहीं आएगी, आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी : सैलजा

## कहा, भाजपा जुमलेबाजों से भरी हुई है, कहती ज्यादा है करती कुछ भी नहीं

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 10 साल हो गये लेकिन न तो दो करोड़ नौकरी मिली, न काला धन मिला, न लोगों के खाते में 15 लाख आये, न महंगाई कम हुई, न महिलाओं को सुरक्षा मिली और न ही किसानों की आमदनी डबल हुई। जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है,हिन्दुस्तान की जनता अब मोदी के छल-प्रपंच को भली भांति समझ चुकी है और वो अब बहकावे में नहीं आने वाली, आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सदा जनता से झूठे वायदे किए। भाजपा जुमलेबाजों से भरी हुई है, कहती ज्यादा है करती कुछ भी नहीं हैं। भाजपा ने हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था इस हिसाब से 20 करोड़ युवाओं को नौकरी मिलनी चाहिए थी पर सरकार नौकरी देने के बजाए पद ही खत्म करने में लगी हुई है। देश में बेरोजगारी चरम पर है, नौकरी के लिए युवा विदेशों की ओर रूप कर रहा है। नौकरी के लिए युवा इजरायल तक जा रहा है जबकि उसे पता है कि वहां जान जोखिम में रहती है। उन्होंनें कहा कि विदेश से कालाधन लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपये डालने की बात कही थी जो जुमला ही साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि मंहगाई चरम पर है, सरकार का मंहगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है, सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है जबकि गरीब महंगाई में पिस रहा है। आज रसोई का बजट बिगड़ चुका है। महिलाओं को ज्यादा परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है जब तक लड़कियां घर नहीं लौट आती तब तक माता पिता चिंतित रहते हैं। अपराधियों के हौंसले बढ़ रहे हैं, कोई भी व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो सरकार किसानों को आय दुगनी करने की बात करती थी आज वहीं सरकार किसानों को परेशान करने में लगी है। बर्बाद फसलों का मुआवजा तक नहीं मिल रहा है। जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है, हिन्दुस्तान की जनता अब मोदी के छल-प्रपंच को भली भांति समझ चुकी है और वो अब बहकावे में नहीं आने वाली, आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी।

# गांव सौथा में सरस्वती नदी के तट पर की थी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने तपस्या : डिप्टी चेयरमैन

## सरस्वती के किनारे बहुत सुंदर घाट बनाना सरस्वती बोर्ड की है योजना : धूमन सिंह किरमच



तेजयुग न्यूज

**कैथल,(कृष्ण प्रजापति) :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी के तट पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने भी तपस्या की थी। इस स्थान पर सरस्वती बोर्ड द्वारा बहुत सुंदर घाट बनाने की योजना है। सरस्वती के किनारे जितने भी पवित्र स्थल लगते हैं उन सब का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। इसी प्रकार सौथा गाँव में भी जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा।

उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच गांव सौथा में सरस्वती के नजदीक घाट का दौरा करने के दौरान बोल रहे थे। गाँव वाशियों ने सरस्वती नदी के किनारे स्थित इस मंदिर व घाट जीर्णोद्धार का कार्य करने की मांग की। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का मानना है कि गांव सौथा जहां स्वयं सुभाष चंद्र बोस लंबे समय तक साधु के भेष में छुप कर रहे व देश के लिए अपने अंतिम समय में तपस्या की। जिस तरह से नेता जिनका अंतिम समय रहस्य पूर्ण रहा है उसको देखते हुए इस स्थान का महत्व ओर भी बढ़ जाता है। इस मौके पर ग्राम वासियों द्वारा विस्तार से जानकारी उपाध्यक्ष को दी गई कि इस पवित्र स्थान पर बचपन से ही एक साध्वी आश्रम में रहती है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस कम से कम छह सात साल यहाँ पर इस आश्रम में भेष बदलकर सरस्वती के किनारे रुके थे।

उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने बताया कि जिस तरह से सभी ग्रंथों में भी बड़े बड़े ऋषि मुनियों ने सरस्वती नदी के किनारे तपस्या कि जिनमें वेद व्यास जी ने आदिबद्री व बिलासपुर श्रृंगी ऋषि ने संघोर गांवों में, गालव ऋषि ने गूलडेहरा, विश्वामित्र ने पेहवा में उसी तरह से नेता जी ने भी सरस्वती के तट पर तपस्या की। उन्होंने धूमन सिंह ने बताया यहां पर सरस्वती के किनारे बहुत सुंदर घाट बनाना सरस्वती बोर्ड की योजना है, जिसे सरकार द्वारा जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ,मंडल अध्यक्ष ठाटी शर्मा ,शैली मुंजाल गाँव के सरपंच, साहब सिंह सौथा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बंजर खेत में औषधीय पौधों से आया नया सवेरा

## मुख्य परियोजना निदेशक नागेश गुलेरिया ने की स्वयं सहायता समूहों की सराहना



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़:** जंगली जानवरों के आतंक से खेती छोड़ चुके ग्रामीणों ने बंजर भूमि पर एलोवेरा के पौधे लगाए तो उनके लिए नया सवेरा शुरू हो गया। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूह ने वन मंडल सुकेत के थल्ला में बंजर खेत में एलोवेरा के 25 हजार पौधे रोपे। जिससे आने वाले समय में इसी औषधीय पौधों की बिक्री से आजीविका में सुधार होगा और ग्रामीणों की अच्छी कमाई भी होगी। जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने थल्ला क्षेत्र का दौरा कर यहां रोपे गए एलोवेरा के पौधों का निरीक्षण किया।

बता दें कि सरस्वती स्वयं सहायता समूह थल्ला ने यहां निजी भूमि पर एलोवेरा के 25 हजार पौधे रोप दिए हैं। जो आने वाले समय में आजीविका सुधार का साधन बनेगा। स्वयं सहायता समूह की इस बेहतरीन कार्यशैली के लिए मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने जमकर सराहना की। उन्होंने यहां स्वयं सहायता समूहों के साथ समीक्षा बैठक कर आर्थिकी सुदृढ़ करने बारे महत्वपूर्ण टिप्स दिए। गौरतलब है कि सुकेत के थल्ला में रोपे गए एलोवेरा के पौधों की मार्केटिंग और बिक्री के लिए रूद्रा शक्ति हर्बस प्राइवेट लिमीटेड के साथ हाल ही में एमओयू हस्ताक्षर किए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार एलोवेरा के पत्ते 7 रुपये प्रति किलो और 21 से 25 रुपये प्रति बेबी प्लांट इस कंपनी को बेचे जाने हैं। ऐसे में आने वाले समय में औषधीय पौधों से स्वयं सहायता समूह की अच्छी कमाई सामने आएगी। नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि थल्ला क्षेत्र में मेहनतकश किसान जंगली जानवर और आवारा पशुओं से आहत होकर अब औषधीय पौधे तैयार करने में जुट गए हैं, जो अपने आप में मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में पौधे रोपने के लिए जाइका वानिकी परियोजना हर संभव सहयोग कर रही है। इस अवसर पर सेवानिवृत हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी वीपी पठानिया, रेंज ऑफिसर सुकेत राज कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ विजय कुमार, एफटीयू को-ऑर्डिनेटर मनीष कुमार, सरस्वती स्वयं सहायता समूह की प्रधान शारदा देवी समेत वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### लंबित कार्यों को जल्द निपटाने के निर्देश

जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने शुक्रवार सायं डीएमयू मंडी में चल रही सभी गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने वन मंडल मंडल के चार रेंज में परियोजना की चल रहे सभी कार्यों की समीक्षा की। मुख्य परियोजना निदेशक ने डीएमयू मंडी के दायरे में लंबित पड़े कार्यों को जल्द निपटाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीसीएफ मंडी वासू डोगर, सेवानिवृत हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी वीपी पठानिया, एसएमएस, एफटीयू को-ऑर्डिनेटर समेत वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिरसा से खाटू श्याम चौथी पैदल रथ यात्रा 8 को होगी रवाना

**सिरसा :** हरियाणा में सिरसा अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम एवं श्री श्याम बगीची पैदल यात्रा संघ की ओर से सिरसा से खाटू श्याम चौथी पैदल रथ यात्रा 8 मार्च को रवाना होगी। इस पैदल यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बगीची के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री श्याम बगीची परिसर से राजस्थान खाटू श्याम के लिए पैदल रथ यात्रा 8 मार्च को सुबह सवा पांच बजे श्री श्याम बगीची से रवाना होगी। उन्होंने बताया कि श्याम बगीची से खाटू श्याम के लिए यह चौथी पैदल रथ यात्रा है। उन्होंने बताया कि इस पैदल यात्रा की खास बात यह है कि बाबा श्याम का रथ साथ में चलेगा।

# सिरसा व फतेहाबाद में बूंदाबांदी के साथ हुई औलावृष्टि

तेजयुग न्यूज

**सिरसा :** हरियाणा के सिरसा व फतेहाबाद में पिछले दो रोज से बन बिगड़ रहे मौसमी मिजाज के बीच पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार दोपहर को यकायक बूंदाबांदी के बीच जबरदस्त ओलावृष्टि हुई। ओलों से कुछ ही देर में धरती सफेद हो गई।

सिरसा जिले में हल्की बूंदाबांदी की ही खबर है जबकि फतेहाबाद जिला में गरज- चमक के साथ बंदाबांदी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में ओलावृष्टि होने से गेहूं व सरसों की फसल में नुकसान माना जा रहा है। फतेहाबाद जिले के मोहम्मदपुर रोही गाव में सर्वाधिक ओले गिरे। घर के आंगन और खेत कुछ ही देर में सफेद बर्फ से ढ़क गए। ग्रामीणों के अनुसार दोपहर बाद बूंदाबादी के साथ गांव मोहम्मदपुर रोही, धांगड़,बड़ोपल सहित कुछ अन्य गांवों से भी ओलावृष्टि के समाचार मिल रहे हैं।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 3 मार्च तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान क्षेत्र में तेज हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बरसात होने की संभावना बनी हुई है।

# बचपन प्ले स्कूल, ज़ीरकपुर ने मनाया 'बार्बी एंड केन'

## 14 वां वार्षिक दिवस

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़ :** बचपन प्ले स्कूल, ज़ीरकपुर ने 'बार्बी एंड केन' 14 वां वार्षिक दिवस समारोह महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर -26, चंडीगढ़ में मनाया। श्री मनीष बंसल, एलडी, सरकारी वकील, यूटी, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। डॉ मुक्ता शर्मा, निदेशक बचपन प्ले स्कूल ने कहा, हम अपना वार्षिक दिवस मनाकर प्रसन्न हैं और आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में स्कूल और अधिक प्रगति करेगा। हम बचपन प्ले स्कूल को नन्हें बालकों के विकास का एक बेहतरीन सेंटर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद नन्हे बच्चों ने डांस के माध्यम से पेड़ बचाव का सन्देश दिया। एलकेजी के नन्हे मुन्हो ने मंत्रमुग्ध कर देने वाला डांस पेश किया। और डांस के जरिये कराटे की कला भी दिखाई गई। यु के जी के बच्चों ने भांगड़ा और स्किट भी पेश की और अभिभावकों ने भी एन्जॉय किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बचपन प्ले स्कूल प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में अग्रणी है, जो युवा शिक्षार्थियों के लिए एक पोषण और प्रेरक वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित है। उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, बचपन अपनी स्थापना के बाद से ही युवा दिमागों को आकार दे रहा है, समग्र विकास और सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा दे रहा है।

### ओलावृष्टि से हुए नुकसान की जल्द गिरदावरी करवाकर मुआवजा दे सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़ :** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि शनिवार को रोहतक,झज्जर, रेवाड़ी, भिवानी, अम्बाला,कुरुक्षेत्र सिरसा, सोनीपत, यमुनानगर, करनाल फतेहाबाद, हिसार, जींद और चरखी दादरी समेत हरियाणा के कई इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हुड्डा का कहना है कि सरकार को जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए। क्योंकि इस बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलते फसल गिर गई है। इसके चलते दाना कमजोर रहने व उत्पादन कम होने की आशंका है।

# जेजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का विस्तार, 25 पदाधिकारी घोषित

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़ :** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए 25 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ अजित सिंह, प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रणधीर चीका व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद बुद्धिजीवी सेल में 25 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर पलवल निवासी प्रहलाद पहलवान, फरीदाबाद निवासी विनोद नागर को नियुक्त किया हैं। प्रदेश महासचिव के पद पर भिवानी निवासी यशबीर घणघस व फरीदाबाद निवासी जेपी चौधरी होंगे। पानीपत जिले में मास्टर नरेश गाहल्याण को जिला संयोजक बनाया हैं।

इनके अलवा जेजेपी बुद्धिजीवी सेल में हलका अध्यक्ष के पद पर गुरुग्राम में नरेश सुहाग, पटौदी में कृष्ण पाल यादव, बादशाहपुर में सुंदर सिंह राठी, सोहना में राम राज डागर, मुलाना में अशोक कुमार रामपुर, रोहतक में नरेंद्र फौगाट, महम में देवेंद्र कुमार, गढ़ी सांपला किलाई में कमलेश सैनी और कलानौर में रवि कुमार को नियुक्त किया है। इसी तरह पलवल में लखन लाल गुप्ता, हथीन में जितेंद्र रावत, होडल में सुधीर कुमार, बहादुरगढ़ में ओमप्रकाश मलिक, बादली में प्रवीन कुमार, झज्जर में धर्मबीर साल्हावास, बेरी सतबीर भापडोदा, अटेली में कृष्ण कुमार, महेंद्रगढ़ में संजय, नारनौल में रत्तन राम और नांगल चौधरी में गोपाल शास्त्री हलका अध्यक्ष होंगे।

# व्हाट्सएप वाले तरीके से लोग जल्दी ही भरोसा कर लेते है और शिकार हो जाते है : एसपी डॉ. अंशु सिंगला

परवीन कुकरेजा



**पलवल :** पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने इस अभियान अंतर्गत जागरूक करते हुए बताया कि साइबर क्राइम का एक नया तरीका जिसमे एक फेक व्हाट्सएप नंबर जारी कर उस पर व्यक्ति की आईडी बनाकर डीपी लगाकर व्यक्ति के संबंधियों को मैसेज करते है और पैसों की मांग करते है।

इस प्रकार इस नए और व्हाट्सएप वाले तरीके से लोग जल्दी ही भरोसा कर लेते है और शिकार हो जाते है। यदि आपके साथ भी कभी ऐसा हो तो पैसा ट्रांसफर करने से पहले वास्तविक व्यक्ति को संपर्क कर ले। फ्रॉड व्यक्ति को जल्द ही ब्लॉक कर दें और इसकी सूचना साइबर क्राइम पुलिस को दें। अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करे उन्होंने बताया कि फेसबुक पर स्टेप टू वेरीफिकेशन का ऑप्शन ऑन रखें। इससे यदि कोई आईडी हैक करता है तो मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी नहीं पता चलने की वजह से आईडी हैक नहीं हो सकेगी। फेसबुक संबंधी मोबाइल पर आने वाले अंजान लिंक पर क्लिक न करें। किसी अंजान व्यक्ति को मोबाइल पर आने वाला ओटीपी नहीं बताएं।।सावधान रहें सतर्क रहें साइबर मीडिया के जितने फायदे है उतने ही इसके दुरुपयोग होने के खतरे है। इसका उपयोग सुरक्षित ढंग से करें।

आपके किसी परिचित का प्रोफाइल फोटो लगाकर अगर आपसे कोई पैसे की डिमांड करता है तो आप तुरंत सतर्क हो जाइए क्योंकि कोई भी व्यक्ति संकट के समय मैसेज भेज कर मदद नहीं मांगेगा। व्हाट्सएप के सेटिंग में कई सुरक्षा की प्रणालियां है उन सभी को गौर से पढ़ें और उन्हीं सभी सेटिंग को अपने व्हाट्सएप में लागू करें। व्हाट्सएप पर अपने प्रोफाइल फोटो को सुरक्षित करके रखें ताकि उसे कोई चुरा ना सके या फिर जो लोग आपके फोन लिस्ट में हैं वही सिर्फ आपका प्रोफाइल फोटो देख सकें। आपका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हुआ है तो आपको तुरंत ही अपना व्हाट्सएप रिसेट करना है। इसके बाद आपको व्हाट्सएप में दोबारा पहले जैसे ही लागिन करना पड़ेगा उसके बाद आपके अकाउंट पर ओटीपी आएगा और अपराधी द्वारा हैक किया हुआ अकाउंट लाग आउट हो जाएगा। यह प्रक्रिया आपको जल्द से जल्द करनी है।

# गांव बड़ौदा के नजदीक पुलिस को मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

तेजयुग न्यूज



**लाडवा :** लाडवा-इन्द्री मार्ग पर पुलिस को गांव बड़ौदा के नजदीक एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। लाडवा थाना के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि किसी ने उन्हें सूचना दी थी कि लाडवा-इन्द्री मार्ग पर गांव बडौंदा के नजदीक सडक़ के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने कहा कि मौके पर लाडवा पुलिस टीम ने जाकर देखा तो शव को अपने कब्जे में लेकर कुरुक्षेत्र के लोकनायक अस्पताल में पहचान के लिए रखवा दिया है। उन्होंने कहा कि मृतक के पास से एक देसी खाली शराब की बोतल भी बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी उसे मृतक की कोई सनागत नहीं हुई है और न ही किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है।